आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 28.05.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- प्रदेश में 31 जिलों के 66 नर्सिंग कॉलेजों को बंद करने के निर्देश, वहीँ हाईकोर्ट ने भी दिए 169 नर्सिंग कॉलेजों की दोबारा जांच के आदेश ।
- मुख्यमंत्री ने रेत उत्खनन में अवैध रूप से लगाई गई मशीनों को तत्काल जप्त करने के दिए निर्देश ।
- नौतपा के चौथे दिन भी चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को किया परेशान ।

और

- उज्जैन में 15 और 16 जून को नवमी और दशमी पर होंगे क्षिप्रा परिक्रमा के कार्यक्रम ।

---------

नर्सिंग कालेज बंद

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज के मापदंडों की पूर्ति में अनफिट पाए गए कॉलेज पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। विभागीय बैठक में उन्होंने 31 जिलों में 66 नर्सिंग कॉलेजों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। इनमें बैतूल जिले के सर्वाधिक 8, भोपाल के 6, इंदौर के 5, छतरपुर, धार और सीहोर के 4-4, नर्मदापुरम के 3-3, भिंड, छिंदवाड़ा, जबलपुर, झाबुआ, मंडला, रीवा, सिवनी और शहडोल के 2-2, अलीराजपुर, अनूपपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, देवास, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, मुरैना, पन्ना, सागर, टीकमगढ़, उज्जैन, उमरिया, विदिशा और श्योपुर जिले के 1-1 नर्सिंग कॉलेज अनफिट पाए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी प्रभावित न हो और वे परीक्षा दे सकें, ऐसी व्यवस्था की जाए। चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त द्वारा सभी जिलों के कलेक्टर को अनफिट पाए गए नर्सिंग कॉलेज की सूची भेजी गई है और उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। वहीँ, प्रदेश में सीबीआई की जांच में फिट पाए गए 169 नर्सिंग कॉलेजों की दोबारा जांच होगी। हाईकोर्ट ने लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की याचिका पर ये आदेश दिया है। अदालत ने पूरी जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने को भी कहा है।

रेत उत्खनन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में रेत उत्खनन नियमानुसार हो, उत्खनन में अवैध रूप से लगाई गई मशीनों को तत्काल जप्त किया जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक चार माह में प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित की जाएं। उन्होंने उज्जैन में हुई समिट के बाद जबलपुर प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभागीय बैठकों के परिणाम स्वरूप हुए विकास कार्यों तथा अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों पर केंद्रित संभाग स्तरीय बुकलेट प्रकाशित कराई जाए। बैठक में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, नर्मदापुरम्, रीवा और उज्जैन संभाग की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रियांवयन पर चर्चा हुई।

इंदौर उज्जैन हब

उज्जैन और इंदौर के बीच विकसित होने वाले लॉजिस्टिक हब तथा वंडर एंटरटेनमेंट पार्क के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है।इन पर जल्दी ही काम शुरू होने की सम्भावना है. वहीँ, प्रदेश से निकलने वाले वाराणसी-मुंबई कॉरिडोर के लिए संबंधित जिलों में लैंड बैंक बनाने का काम चल रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

ने आज एक बैठक में बताया कि प्रदेश में तहसील, विकासखंड, जिलों और संभाग की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण किया जाना है। इस प्रक्रिया में जन भावनाओं और जनप्रतिनिधियों के विचारों को अवश्य शामिल किया जाए। दूरस्थ ग्रामों को निकटतम् जिला मुख्यालयों से जोड़ने, पुलिस कमिश्नरेट व जिला कलेक्टर की व्यवस्था में समन्वय, बड़े शहरों में मेट्रोपॉलिटन सिस्टम के प्रस्तावित क्रियान्वयन का भी इस प्रक्रिया में ध्यान में रखा जाए।

बिजली कनेक्शन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, वे विद्युत वितरण कंपनी के संबंधित कार्यालय में जाकर अथवा कंपनी पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से व्यवसायिक श्रेणी में परिवर्तित करवा लें।

कंपनी ने कहा है कि चेकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि आवासीय परिसर में संचालित होते हुए मिली तो ऐसी गतिविधियों को गैर घरेलू प्रयोजन में माना जाएगा और संबंधित उपभोक्ता से जुर्माना वसूल किया जाएगा।

क्षिप्रा परिक्रमा कार्यक्रम

उज्जैन में 15 और 16 जून को नवमी और दशमी पर क्षिप्रा परिक्रमा के कार्यक्रम होंगे। रामघाट से यात्रा प्रारंभ होगी जो दत्त अखाड़ा, त्रिवेणी, गढ़ कालिका और गोमती कुंड जैसे पवित्र स्थलों से निकलेगी। आम जन द्वारा पवित्र क्षिप्रा नदी को चुनरी अर्पित

की जाएगी। यह कार्यक्रम महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ तरफ से होगा। इस अवसर पर शिप्रा नदी के महत्व और उसके सांस्कृतिक वैभव की जानकारी देने वाली विशेष पुस्तिका का लोकार्पण भी होगा। सदानीरा केंद्रित ऑडियो-वीडियो सीडी का लोकार्पण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की अन्य प्रमुख नदियों जैसे नर्मदा जी, चंबल, ताप्ती, सोन, सिंध और बेनगंगा आदि के तट पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और जलक्रीड़ा गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए।

मौसम

नौतपा के चौथे दिन भी आज प्रदेश में गर्मी लोगों को झुलसाती रही । गर्मी का असर जनजीवन के साथ बाजारों पर भी साफ़ नजर आ रहा है. इन दिनों अधिकतर शहरों में व्यवसाय ठप है और सड़के सुनसान. छतरपुर और खजुराहो में तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया। भोपाल में आज दोपहर पारा 43 दशमलव 6 डिग्री तक पहुँच गया। मौसम विभाग ने भी ग्वालियर, चंबल, मालवा-निमाड़ के 12 जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट, 19 जिलों में ऑरेंज और 11 जिलों में यलो अलर्ट जरी किया था ।

राजधानी भोपाल में भी भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। प्रदेश में आज आधा दर्जन लोगों को लू लगने के कारण गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया. कई जिलों में गर्मी की वजह से लोग बीमार होकर अस्पताल पहुँच रहे हैं.

टीकमगढ़ में आज अधिकतम तापमान 47 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

रेल लाइन दोहरीकरण

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के राऊ-डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य पूर्ण हो गया है. अब इस खंड का रेल संरक्षा आयुक्त पश्चिम परिमंडल द्वारा 30 मई को निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल किया जाना प्रस्तावित है। पहले यह 29 मईको किया जाना था लेकिन किसी अपरिहार्य कारणों से एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है।

खरगौन मतगणना

खरगोन में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मतदाताओं द्वारा डाले गये मतों की गणना 4 जून को पीजी कॉलेज में की जाएगी। मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रत्येक कक्ष में मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाए गए हैं। इसके अलावा डाकमत पत्रों की गणना के लिए 06 एवं ईटीबीपीएस मतपत्रों की गणना के लिए 01 टेबल लगाया जाएगा। इस प्रकार जिले के छः विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना 91 टेबल पर होगी।

प्रधानमंत्री कन्याकुमारी यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद 30 मई से कन्याकुमारी की तीन दिन की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के दौरान श्री मोदी रॉक मेमोरियल का दौरा करेंगे और ध्यान मंडपम में साधना में लीन होंगे। यह वही स्थान है जहां स्वामी विवेकानन्द ने भी ध्यान साधना की थी।

समाचार संक्षेप में...

गुना लोकसभा क्षेत्र के अशोकनगर जिले की तीनों विधानसभा अशोकनगर, चंदेरी तथा मुंगावली की मतगणना 4 जून को जिला मुख्यालय पर शासकीय विधि महाविद्यालय में सम्पन्न होगी।

कटनी में अप्रत्याशित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भवनों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त संसाधनों की जांच के लिए आगामी 10 दिवस में अभियान चलाया आयेगा।

बैतूल में राज्य आपदा आपातकालीन बचाव बल होमगार्ड की टीम द्वारा जिला जेल में आज आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिवपुरी जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में कल दो टैक्टर व पांच डंपरों को पकड़ा गया।

नीमच्मे वर्षाकाल में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से उत्पन्न समस्याओं से निपटने और जन सुरक्षा केलिए किए जाने वाले उपायों के संबंध में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

------------------